# बूंदी सदर थाना क्षेत्र में खेत पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या

## सोते हुए युवक पर एक-एक कर छह फायर किये

**बूंदी,** (निसं)। जिले के सदर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात खेत में बने मकान के बाहर सो रहे एक किसान पर ताबड़तोड़ फायर कर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने किसान के चेहरे व छाती पर छह राउण्ड फायर किए हैं। गोलियों से छलनी चेहरा पहनाने में भी नहीं आ रहा था। हमले के समय मकान के अंदर मौजूद भतीजे ने पलंग के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए है। पुलिस को वारदातस्थल पर दो खाली खोल मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस प्रथम दृष्टया आपसी रंजिश में हत्या करना मान रही है।


घटनास्थल का मौका मुआयना करते जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव।

- भतीजे ने पलंग के नीचे छिप कर जान बचाई
- पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए

बूंदी एसपी जय यादव ने बताया कि नानकपुरिया गांव के रहने वाले किसान बंटा सिंह (40) की हत्या की गई है। शनिवार रात वह गांव से एक किलोमीटर दूर स्थित खेत पर बने मकान पर भतीजे रणवीर सिंह के साथ गया था । रात को खाना खाने के बाद बंटा सिंह मकान के बरामदे में चारपाई बिछाकर सो गया और भतीजा रणवीर कमरे में सो रहा था। देर रात करीब डेढ़ बजे बदमाश वहां आए। जिन्होंने चरपाई पर सो रहे बंटा सिंह के चेहरे और छाती पर नजदीक से छह फायर किए। ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाज सुनकर मकान के अंदर सो रहा भरतीजा रणवीर की नींद खुल गई। डर के मारे वह तुरंत पलंग के नीचे छिप गया। गोलियां से छलनी बंटा की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद चार-पांच बदमाश ने मकान के अंदर घुसकर आए, लेकिन पलंग के नीचे छिपा भतीजे को देख नहीं पाए और वहां से फरार हो गए।

भतीजे रणवीर सिंह ने बताया कि फायरिंग की आवाज सुनकर वह डर के मारे करीब 20 मिनट पलंग के नीचे छिपा रहा। जिसके बाद वह बाहर निकलकर आया। अंधेरा होने के कारण चाचा की हत्या के बारे में पता नहीं चला। उसने फायरिंग की जानकारी केशवरायपाटन गए मां और बड़े भाई को दी। तड़के करीब 4 बजे मां-भाई खेत पर आए तो बंटा सिंह चरपाई पर खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पुलिस आलाधिकारी मौके पर पहुंचे पुलिस ने एफएसएल व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके पर दो खाली कारतूस के खोल मिले हैं। जिससे माना जा रहा है कि हमलावरों ने हत्या में पिस्टल काम में ली है।

पुलिस ने बताया कि साल 2006 में मृतक बंटा सिंह ने ट्रैक्टर ट्रॉली लूट की वारदात को अंजाम दिया था। डाबी थाना पुलिस ने लूट के मामले में उसे गिरफ्तार किया था। मामले में वह पांच साल जेल में रहकर आया था। पुलिस हत्या का कारण आपसी रंजिश मान रही है।

# वाहन चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

## आर्थिक तंगी के चलते आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया


जिले में चोरी करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र सहित जिलें में वाहन चोरी को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 7 मोटरसाइकिल बरामद की है। बता दें कि आर्थिक तंगी के चलते आरोपी 2 मौसरे भाइयों ने अपराध की राह पकडी थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आर्थिक तंगी के चलते आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने भीलवाडा और अजमेर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की वारदात को करना कबूल किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद दाधीच ने कहा कि भीलवाडा में बढ रही वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने 17.11.2021 को जिला सेशन कोर्ट से मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करने के लिए एएसआई साबिर मोहम्मद, संजय कुमार, पप्पू राम, प्रदीप कुमार, समय सिंह भूपेन्द्र गिरी की एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो आरोपी सत्यनारायण लोहार और प्रह्लाद कुमार लोहार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 7 मोटरसाइकिल बरामद की है। वहीं शातिर आरोपी सत्यनारायण लोहार ने सातों मोटरसाइकिल सेशन कोर्ट के बाहर से चोरी की है। कोतवाली थाने के एएसआई साबिर मोहम्मद ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी आपस में मौसेरे भाई हैं, जिन्होंने आर्थिक तंगी के चलते वाहन चोरी की वारदात को करना शुरू किया था, दोनों आरोपियों ने भीलवाड़ा और अजमेर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 30 से 40 मोटरसाइकिल चोरी करना कबूल किया है।

# कारोबारी के घर डकैती, नौकर सहित चार जने गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं) । पॉश इलाके शास्त्रीनगर में ए सेक्टर में 11 नंबवर की रात को वेयर हाऊस कारोबारी के मकान में चार लोगों ने डकैती को अंजाम दिया था। व्यवसायी की अनुपस्थिति में घर से दो लाख रूपए, सोने की अंगुठियां और मोबाइल लूट कर ले गए। पुलिस ने इस घटना का रविवार को खुलासा करते हुए कारोबारी के कार्यालय में काम करने वाले पूर्व नौकर सहित तीन अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया है। नौकर साजिशकर्ता निकला। सभी को बापर्दा रखा गया है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिगंत आनंद ने बताया कि 11 नवंबर की रात को ए सेक्टर शास्त्रीनगर में रहने वाले महावीर कोठारी के मकान में चार पांच लोगों ने घुसकर डकैती को अंजाम दिया। बदमाश स्वीगी फूड डिलीवर बॉय बनकर घुसे और फिर घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। पुलिस के लिए चुनौती बनी इस डकैती के लिए शहर भर में दो सौ ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। तब पुलिस ने पाया कि इसमें किसी जानकार का हाथ हो सकता है। तब पुलिस ने कई संदिज्धों को पकड़ा। आखिरकार बदमाश जिस कार से भागे उसके बारे में पूरी पतारसी के साथ कै मरों से संदिज्धों का हुलियों का स्कैच बनाए गए।

डीसीपी दिगंत आनंद ने बताया कि इस प्रकरण में रविवार को झालामंड के बापू नगर निवासी इस्माइल उर्फ पठान पुत्र सदीक खां, चकाणियों की ढाणी झालामंड निवासी अनिल उर्फ भाहला पुत्र जेठाराम प्रजापत, बापू नगर झालामंड निवासी सुनील सिंह पुत्र गुमानसिंह एवं इसाइयों का कब्रिस्तान निवासी जसवंत सिंह गहलोत पुत्र भवानी सिंह को पकड़ा गया। सभी को बापर्दा रखा गया है।

डीसीपी दिगंत आनंद ने बताया कि इसाइयों का कब्रिस्तान निवासी जसवंत सिंह गहलोत मुख्य सूत्रधार है। वह पीड़ित महावीर कोठारी के कार्यालय पर लॉक डाउन से पहले कार्य करता था। बाद में नौकरी छोड़ दी और स्वीगी में फूड डिलीवरी बॉय बनकर लगा था। उसका कोठारी के घर में आना जाना था और रूपयों आदि के बारे में जानकारी थी। उसने डकैती की योजना बनाई।

पुलिस उपायुक्त दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस ने शास्त्रीनगर, शास्त्रीसर्किल, आईटीआई चौराहा, डीजल शेड रोड, दाउ की ढाणी बासनी, कुड़ी भगतासनी, झालामंड, खेजड़ली चौराहा, गुढाविश्नोईयान के साथ पाल डीपीएस, विवेक विहार के अलावा पाली रोड पर कई होटलों, ढाबों और नाकों के तकरीबन 200 कैमरों का खंगाला।

# नशे में धुत बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शहर के निकट मिर्जेवाला रेल वे फाटक के पास शनिवार देर रात ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत हो गई। रात को बुजुर्ग के ट्रेन से कटने की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस के अलावा आस-पास के इलाकों मिर्जेवाला और अन्य गांवों से लोग पहुंचे लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा जीआरपी को हादसे की सूचना दी। जीआरपी ने शव को श्रीगंगानगर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान रेल वे क्रॉसिंग के पास बस्ती में रहने वाले ओमप्रकाश नायक ( 55) के रूप में हुई है। सुबह मृतक के पुत्र सुनील ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। मृतक के पुत्र सुनील ने बताया कि उसका पिता ओमप्रकाश नशे का आदि था। शनिवार देर रात नशे की हालत में रेल लाइन की तरफ पहुंच गया। इसी दौरान ट्रेन आने से मौत हो गई।

# 65वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चूरू सिरमौर

**सादुलपुर,** (निसं)। बाड़मेर में आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।

चूरू जिले की टीम के दलाधिपति सुरेन्द्र सिंह पूनिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों 17 एवं 19 वर्ष में चूरू ने अपना दबदबा कायम रखते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं चूरू जिले के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 33 पदक हासिल किए तथा खिलाडी मनदीप कुमार ने 17 वर्ष आयु वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब जीतने में कामयाब रहा। चूरू जिले के खिलाडियों ने गंगानगर एवं अलवर को पछाडते हुए चैंपियनशिप प्राप्त की। चूरू जिले के खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन में मुख्य भूमिका कोच जसवंत सिंह पूनिया, राजकुमार पूनिया, राजेंद्र पूनिया, विजय सिंह, रोहिताश कुल्हाड, रामु राम बुंदेला की रही। जिले का राजस्थान में परचम लहराने का कार्य कोचेज की मैदान में खिलाडियों के साथ की गई मेहनत का परिणाम है।


टीम के सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर राजगढ़ सीनियर स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह पूनियां ने भव्य स्वागत किया।

# ड्रमों से भद्रावती नदी पार कर रहे लोग

**करौली,** (निं.सं.) करौली शहर के मासलपुर गेट स्थित गरीब तबके के लोग बकरी पालन करने के लिए ड्रमों की सहायता से भद्रावती नदी को पार करने को मजबूर हैं।

- बकरी पालन के लिए ला रहे चारा

दूसरे किनारे से चारा लाने के लिए वैकल्पिक तौर पर दिमाग लगाकर नाव बनाने का अनूठा कारनामा सामने आया है। मजबूरन जान जोखिम में डालकर नदी के दूसरे किनारे से चारा लाया जाता है। उनको जनप्रतिनिधि हो या प्रशासन हो कोई सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा है।


करौली के मासलपुर दरवाजा स्थित भद्रावती नदी में ड्रमों का पुल बनाकर बकरी पालन कर रहे लोग।

# महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। घर में घुस महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी बलोलिया झाड़ोल निवासी कमलेश पुत्र कानाजी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि 12 अक्टूबर रात में मैं व मेरी नणद दोनों घर पर सोए थे। देर रात में मकान के दरवाजे का कुंदा खोल आरोपी अंदर आया तथा चद्दर उठा कर मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस दौरान विरोध करने व चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एवीवीएनएल ने दो दिन में 55 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वसूली की

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने विशेष राजस्व वसूली अभियान के तहत महज दो दिन में 55 करोड़ रुपयों से अधिक की वसूली की है। डिस्कॉम ने 11 जिलों में 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे हैं। डिस्कॉम ने बकाया राशि की वसूली के लिए अधिकारियों के लक्ष्य तय किए हैं।

भाटी ने बताया कि अजमेर जिला वृत्त में 1376 उपभोक्ताओं से 3.61 करोड रुपये, भीलवाडा वृत्त में 2727 उपभोक्ताओं से 2.98 करोड रुपये, नागौर वृत्त में 2763 उपभोक्ताओं से 5.26 करोड रुपये, अजमेर शहर वृत्त में 1065 उपभोक्ताओं से 1.7०करोड रुपये, सीकर वृत्त में 3970 उपभोक्ताओं से 4.06 करोड रूपये, झुंझुनूं वृत्त में 3046 उपभोक्ताओं से 2.64 करोड रुपये, उदयपुर वृत्त में 1934 उपभोक्ताओं से 3.05 करोड रुपये, राजसमंद वृत्त में 1629 उपभोक्ताओं से 2.68 करोड रुपये, बांसवाडा वृत्त में 1034 उपभोक्ताओं से 88.65 लाख रुपये, चित्तौडगढ वृत्त में 1640 उपभोक्ताओं से 3.5०करोड रुपये, डूंगरपुर वृत्त में 736 उपभोक्ताओं से 78.10 लाख रुपये, प्रतापगढ वृत्त में 474 उपभोक्ताओं से 43.75 लाख रुपये, एमएण्डपी विंग ने 1989 उपभोक्ताओं से 15.7०करोड रुपये, विजिलेंस विंग ने 713 उपभोक्ताओं से 1.04 करोड रुपये, आईटी विंग ने 266 उपभोक्ताओं से 6.58 करोड रुपये, प्रोजेक्ट विंग ने 94 उपभोक्ताओं से 6.41 लाख रुपये तथा टेक्निकल ऑडिट विंग ने 31 उपभोक्ताओं से 2.15 लाख रुपयों के राजस्व की वसूली की है। भाटी ने बताया कि निगम का इस वित्तीय वर्ष 102 प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य है।

# युवक तीसरी शादी की तैयारी में, पहले वाली दोनों पत्नियां थाने पहुंची

**जोधपुर,** (कासं) । प्रतापनगर थाने में एक केस सामने आया है। एक युवक अपनी तीसरी शादी करने जा रहा है। पहले वाली दो पत्नियों ने खुद के साथ हुए धोखे का आरोप लगाया है। उन्होंने अपना जीवन बर्बाद करने को कहा है। अब तीसरी का जीवन तबाह किया जा रहा है। प्रतापनगर पुलिस अब इसमें अनुसंधान में जुटी है। आरोप है कि युवक ने एक युवती से राजू बन शादी की। वहीं, दूसरी युवती से इमरान बनकर निकाह किया। अब दोनों पत्नियों ने आरोप लगाया है कि आरोपी तीसरी शादी करने जा रहा है। दोनों ने रविवार को प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

पहले वाली दोनों पत्नियों का आरोप है कि पहले हमे धोखे में रख शादी की। फिर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति दोनों महिलाओं को छोड़ चुका है। अब तीसरी महिला का जीवन खराब करने जा रहा है। इसलिए उन्होंने अपने पति के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया। युवतियों ने बताया कि आरोपी ने 2011 में खुद को हिंदू बताकर शादी रचाई। उसके बाद 29 जुलाई 2021 को मुस्लिम बनकर मुस्लिम लडक़ी से शादी की। अब यह शख्स दोनों को छोडक़र जा चुका है। दोनों ही युवतियां दर-दर भटकने को मजबूर हैं। दोनों युवतियों ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी शख्स फरार है। दोनों ने बताया कि आरोपी दुकान चलाता है। लेकिन वहां भी नहीं मिला।

नीतू ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ 2013 में मंदिर में फेरे लिए थे। शादी के कुछ समय बाद इमरान उसे मारने-पीटने लगा। घर से निकाल दिया। वो भी वापस नहीं गई। कई दिनों बाद उसे पता चला कि इमरान किसी दूसरी लडक़ी से शादी कर रहा है। इस दौरान इमरान ने मुस्लिम लडक़ी आयशा से निकाह कर लिया। उसके साथ रहने लगा। लेकिन कुछ दिनों बाद वह उसके साथ भी मारपीट करने लगा। फिर घर से निकाल दिया। इस दौरान आयशा को नीतू के बारे में भी पता चला। आयशा ने 10 नवंबर थाने में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस जब इमरान के बारे में जांच करने पहुंची तो पता चला कि वह इस शहर में नहीं है। परिवार के लोगों से बात करने के बाद पता चला कि आरोपी अब तीसरी शादी की कोशिश में है।

# सुभाष नगर रेलवे फाटक बंद होने से लोग परेशान

**अजमेर,** (कासं)। अगर आप वाहन लेकर आदर्श नगर से सुभाष नगर चुंगी चौकी ब्यावर रोड रेलवे फाटक पर जाने वाले हैं तो 2 घंटे का अतिरिक्त समय लेकर निकले, क्योंकि यह फाटक दिन में अनेकों बार कई कई घंटों के लिए बंद रहता है, जिससे आदर्श नगर से सुभाषा नगर तथा सुभाष नगर से आदर्श नगर आने जाने वाले लोगों को ओवर व अंडरपास नहीं होने से परेशानी का सामना करना पडता है। सूचना पर पहुंची रामगंज थाना पुलिस ने लोगों से समझाइश कर जाम खुलवाया।

सुभाष नगर चुंगी चौकी ब्यावर रोड रेलवे फाटक से आदर्श नगर चुंगी चौक तथा आदर्श नगर से सुभाष नगर जाने वाले लोगों को फाटक दिन में अनेकों बार कई-कई घंटे के लिए बंद मिलता है, रेलवे की 5 ट्रेकों पर लगातार पैसेंजर व मालगाडियों का आवागमन होता रहता है। उक्त रेलवे फाटक पर न तो ओवर ब्रिज है और न ही अंडरपास ऐसे में फाटक बंद होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती है, जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पडता है और पेट्रोल और डीजल के साथ साथ समय भी खराब होता है। फाटक बंद होने पर 1 से 2 घंटे तक जाम तो लगता ही हैं, लोगों का जाम में फंसना मजबूरी बन गया है।

# खेल प्रतियोगिता भाईचारा की भावना विकसित करती है : हेमाराम चौधरी

## विद्यालय के लिए भौतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी : मेवाराम जैन

**बाड़मेर,** (निसं)। 65वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के खिलाडयिों के लिए17 वर्ष एवं 19 वर्ष छात्र वर्ग की एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार प्रातः एमबीसी राउमावि गांधी चौक बाड़मेर में आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी थे। बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद बाड़मेर के अध्यक्ष दिलीप कुमार, शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक जोधपुर प्रेमचंद सांखला, समाजसेवी राजेंद्र सिंह चौहान, ललित कुमार किरी, डॉ. भरत सारण, प्रवीण सेठिया, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष बाल सिंह राठौड़ एवं पार्षद व ब्राह्मण स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष हंसराज सोनी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मंचासीन सभी अतिथियों का राजस्थानी परंपरा अनुसार स्वागत किया गया। समापन समारोह में प्रतियोगिता के संयुक्त संचालन सचिव कमल सिंह रानी गांव में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया वही रामू भाई संस्था प्रधान शांति चौधरी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमाराम चौधरी के सम्मान में अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया।



राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करते नेता व अधिकारी।

इस अवसर पर बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन ने कहा शहर के मध्य विद्यालय के लिए भौतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मेरे ध्यान में आते ही हर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सलामी मंच से सलामी लेने के पश्चात मंचासीन अतिथियों के साथ विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने सभी विजेता खिलाडयिों को शुभकामना देते हुए कहां की खेल प्रतियोगिताएं आपसी भाईचारा एवं खेल भावना विकसित करती है । उन्होंने कहा कि बाड़मेर के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भीखाराम प्रजापत ने श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। आगामी प्रतियोगिता के लिए ध्वज को सौंपने के बाद राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता मुकेश व्यास ने किया।